हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
02 फ़रवरी 2025, समय 1810

- देश को इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु एवं सेवा कर के रूप में एक लाख, 95 हज़ार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।
- पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कुरुक्षेत्र में चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि वेदों की शिक्षा को आज के समय में भी याद रखना अत्यंत ज़रूरी है।
- हरियाणा के भिवानी में आज बसन्त पंचमी महोत्सव मनाया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने महिला सशक्तिकरण में वाली अहम भूमिका निभाने वाली 153 महिलाओं को सम्मानित किया।
- संस्कृति मंत्रालय ने आकाशवाणी के सहयोग से विशेष शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम "हर कंठ में भारत" का शुभारंभ किया। कार्यक्रम 21 केंद्रों से सीधा प्रसारित होगा।

*******************************************************************

देश को इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु एवं सेवा कर -जीएसटी के रूप में एक लाख, 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह जनवरी 2024 की तुलना में 12.3 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 36 हजार, 77 करोड़ रुपये और राज्य वस्तु और सेवा कर 44 हजार, 942 करोड़ रुपए है। एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर संग्रह की राशि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक और उपकर 13 हजार, 412 करोड़ रुपये है।

*************************************************************************

कुरुक्षेत्र में महर्षि दयानंद सरस्वती जन्म शताब्दी वर्ष समापन समारोह एवं सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली फरवरी से 12 फरवरी तक ब्रहम सरोवर पर योग भवन में चारों वेदों का यज्ञ समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन वेद विद्या शोध संस्थान के तत्वाधान और स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में किया गया है। । इस 12 दिवसीय चतुर्वेदी पारायण महायज्ञ में देश और विदेश से राजनीतिक ,सामाजिक, वैदिक धर्म, आर्य समाज से जुड़े व्यक्ति आहुति दे रहे हैं। आज पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने चतुर्वेद परायण महायज्ञ के आयोजन में भाग लिया और हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वेदों की शिक्षा को आज के समय में याद रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद शिक्षा के प्रसार के पक्षधर थे।

उन्होंने इस अवसर पर सभी को बसंत पंचमी की बधाई भी दी।

***********************************************************************

हरियाणा के भिवानी में आज बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान महोत्सव की मुख्य अतिथि, महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने महिला सशक्तिकरण में भूमिका निभाने वाली 153 महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार भी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रीमती श्रुति चौधरी ने लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा से विशेष स्नेह व लगाव है। इसका उदाहरण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय अभियान है जिसकी शुरुआत पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से हुई थी। उन्होंने आमजन से, बेटियों को स्वावलंबी व सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी अनुरोध किया कि वे निष्ठा व ईमानदारी से महिलाओं के हित में कार्य करें ताकि विभाग की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सकें। मंत्री ने मीडिया को बताया कि उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया, चूड़ियां खरीदने के साथ ही बसंत पंचमी पर झूला झूलने व पतंग उड़ाने की प्रथा का निर्वहन भी किया। -

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वयं सहायता समूह व व्यक्तिगत उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं को बसंत पंचमी समारोह में सम्मानित किया। बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। इससे लाखों श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को सुव्यवस्थित और सुलभ बनाया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तीसरा अमृत स्नान कल होगा।

***********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************************

संस्कृति मंत्रालय ने आकाशवाणी के सहयोग से आज नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन में विशेष शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हर कंठ में भारत का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 16 फरवरी तक प्रतिदिन सवेरे साढ़े नौ से साढ़े दस बजे तक आकाशवाणी के 21 केंद्रों से सीधा प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला और प्रसार भारती के

मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ भी उपस्थित रहीं। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में संस्कृति मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला ने कहा कि हर कंठ में भारत युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करेगा।

*इसके तहत हमारे जो यंगर आर्टिस्ट है वे अपनी कला को प्रदर्शित कर सकेंगे। क्लासिकल, सेमी-क्लासिकल, जो हमारा म्युजिक है, ट्राइबल, उन सभी म्युजिक को प्रसारित किया जाएगा।*

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि यह पहल लगभग 600 से अधिक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्कृति मंत्रालय का एक अनूठा प्रयास है।इससे आकाशवाणी को अपने श्रोताओं में वृद्धि करने में भी सहायता मिलेगी।

*************************************************************************

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आज से आम लोगों के लिए खुल गया है। अमृत उद्यान 30 मार्च तक तक आम लोगों के लिए सप्ताह में 6 दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। वहीं हर सोमवार यह रखरखाव के लिए बंद रहेगा। इसके अलावा यहां घूमने आने वाले लोगों की आखिरी प्रवेश शाम 5 बजे तक ही हो सकेगा। उद्यान में बुकिंग और प्रवेश निशुल्क है। बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से की जा सकती ही। उल्लेखनीय है कि इस बार राष्ट्रपति भवन 6 मार्च से चार दिवसीय अमृत महोत्सव भी आयोजित करेगा।

*************************************************************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा कल पेश किए गए केंद्रीय बजट को विभिन्न क्षेत्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। वहीं कांग्रेसी नेताओं ने इसकी आलोचना की है। व्यापार, उद्योग विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और आम लोगों ने बजट को मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने वाला बताया है। पंचकूला में Indian Printed Circuit Association के अध्यक्ष रजनीश गर्ग ने कहा बजट अच्छा है।

*************************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों को भी नजरअंदाज किया गया है।उन्होंने बजट की आलोचना करते हुए कहा -

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश को कोई बड़ी परियोजना नहीं मिली है।

**********************************************************************

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आज से आम लोगों के लिए खुल गया है। अमृत उद्यान 30 मार्च तक तक आम लोगों के लिए सप्ताह में 6 दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। वहीं हर सोमवार यह रखरखाव के लिए बंद रहेगा।

इसके अलावा यहां घूमने आने वाले लोगों की आखिरी प्रवेश शाम 5 बजे तक ही हो सकेगा। उद्यान में बुकिंग और प्रवेश निशुल्क है। बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से की जा सकती ही।

उल्लेखनीय है कि इस बार राष्ट्रपति भवन 6 मार्च से चार दिवसीय अमृत महोत्सव भी आयोजित करेगा।